Reg. No. | | | | | | | | | |

BCMHDL 254

Credit Based Fourth Semester B.Com. Degree Examination, April/May 2017
(2016-17 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE (Group – I) (Paper – IV)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 80

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara
College of Business Management Library
MANGALORE - 575 003

I. एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×5=5)**

1) विक्रमादित्य कौन है ?
2) कर्मवती हुमायूँ को क्या भेजती है ?
3) शेरखाँ से लडने के बजाए हुमायूँ कहाँ जाता है ?
4) युद्ध के कारण बहादुरशाह को क्या खोना पडा ?
5) श्यामा के अनुसार जीवन क्या है ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(5×3=15)**

1) किस कौम की औरतें मौत को इस तरह हँसते – हँसते गले लगा सकती हैं ?
2) बहन का रिश्ता दुनिया के सारे सुखों, दौलतों, ताकतों और सल्तनतों से बढ़कर है ।
3) चलो बेटा, मेवाड के महलों के गद्दों पर नहीं, मेवाड की धूल पर ही तुम्हारा वास्तविक आसन है ।
4) दुनिया के हर इनसार को अपने दिल के मुहब्बत के दरिया में डुबा लेना है ।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(10×2=20)**

1) 'रक्षाबन्धन' नाटक के आधार पर कर्मवती की वीरता का परिचय दीजिए ।
2) 'रक्षाबन्धन' नाटक की कथा लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
3) 'हुमायूँ' ने भाई के कर्तव्य को कैसे निभाया ? 'रक्षाबन्धन' नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
4) बहादुरशाह और मुल्लूखाँ के संवाद को लिखिए ।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए । **(5×2=10)**

1) बहादुरशाह ।
2) जवाहरबाई ।
3) शाह शेख ।
4) भीलराज ।

P.T.O.

V. अ) भारत सरकार, गृह मंत्रालय के अवर सचिव को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा था । उत्तर न प्राप्त होने के कारण एक अनुस्मारक तैयार कीजिए । (5×1=5)

अथवा

आपने लोक भारती प्रकाशन, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद–1 से कुछ किताबें मंगवाई हैं वे आदेश के अनुसार नहीं हैं । इसकी शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए ।

आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

मानसिक संस्कार का सम्बन्ध बड़ी–बड़ी डिग्रियों से नहीं है । ये संस्कार घर से और परिवार से ही प्राप्त होते हैं । अच्छे संस्कारों की पहचान मधुरता, गम्भीरता, नेक सलाह, सद्भाव, सहकारिता आदि गुणों के द्वारा होती है । सद्व्यवहार की सबसे बड़ी पहचान यह है कि व्यक्ति को दूसरे के प्रति वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा व्यवहार वह दूसरों से अपने लिए चाहता है । आप के अच्छे संस्कारों से ही अच्छा व्यक्तित्व परिलक्षित होता है । अच्छे व्यक्तित्व वाला, मूर्ख एवं अक्खड साथी को भी धीरे–धीरे उससे बिना लडाई किए, उसे सद्व्यवहार के पथ पर ले आता है । यही उसकी जीत है । हम जिस प्रकार की संगति में बैठेंगे, हमें वैसा ही फल भी प्राप्त होगा । अच्छे लोगों की संगति में हम अच्छे और बुरे लोगों की संगति में बुरे बन जाते हैं । स्वाति नक्षत्र में बरसने वाली पानी की जो बूँद साँप की संगति में विष बन जाती है, वही सीप की संगति में मोती बन जाती है । सत्संगति हमारे चरित्र का विकास करती है और सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाती है । अत: मानव को सदा अच्छे, सदाचारी तथा कर्मठ लोगों की संगति में ही रहना चाहिए ।

प्रश्न :

1) मानसिक संस्कारों की प्रप्ति कहाँ से शुरू होती है ?

2) अच्छे व्यक्तित्व की पहचान क्या है ?

3) सद्व्यवहार को प्रभावशाली बनाने के साथ–साथ सत्संगति किस का विकास करती है ?

4) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या है ?

5) गद्यांश के अनुसार हमारी संगति के लोग कैसे होने चाहिए ?

VI. अ) इंडियन एक्सप्रेस में विज्ञापित हिन्दी अफसर पद के लिए कर्नाटक बैंक बेंगलूर के व्यवस्थापक के नाम एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । (5×1=5)

आ) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए जो मूल से **एक तिहाई** ($^1/_3$) से आधिक न हो और उचित शीर्षक दीजिए। **(5×1=5)**

कोई-कोई चीज़ एक व्यक्ति या संस्था के द्वारा ही मिलती है। इसे हकदारी कहते हैं। चंदन पर सरकार की हकदारी है। मैसूर का चंदन संसार में सर्वश्रेष्ठ है। चंदन का साबुन, तेल और चंदन की लकडी सरकार के द्वारा निश्चित दाम पर निश्चित एजेंट ही बेचते हैं। सरकार के निश्चय के अनुसार चंदन का दाम घटाया-बढ़ाया जाता है, क्योंकि इस व्यापार में सरकार के साथ होड करने वाली दूसरी कोई संस्था नहीं हैं। फिर भी इसका दाम घटाने-बढ़ाने की सीमा होती है। अगर माल का मूल्य इतना बढ़ाया कि माल बिके ही नहीं, तो माल की खपत घट जाये तब हकदार को नुकसान हो। इन सब बातों का ख्याल कर चंदन का विक्रय मूल्य निश्चित किया जाता है। ऐसी वस्तु का मूल्य हकदारी मूल्य कहलाता है। मैसूर का रेशम सारे संसार में गुण और टिकाऊपन के लिए प्रसिद्ध है। कम दामों पर बिकनेवाले रेशमी कपडों के होते हुए भी मैसूर का रेशम हर कहीं बराबर खपता है। और यह सरकार द्वारा निश्चित दाम पर ही बिकता है। हाथी – दाँत की चीजें भारत में बनायी जाती हैं। परन्तु इन चीजों की बिक्री में होड करने वाले कम हैं। इस लिए इसका दाम करीब-करीब हकदारी का सा होता है।

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara
College of Business Management Library
MANGALORE - 575 003

VII. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5×2=10)**

1) सॉनी इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी की ओर से 'सोनी मोबैल' (Sony mobile) के विज्ञापन का एक प्रारूप तैयार कीजिए।

2) आप अपने कॉलेज के वार्षिकोत्सव के संदर्भ में एक ब्यानर तैयार कीजिए।

3) 'रक्तदान जीवन दान' सामान्य लोगों को इस की सूचना देते हुए एक भित्ति-पत्र तैयार कीजिए।